न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर ग्रामीण

प्रकरण संख्या :– ग्रामीण 42/24

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
एस आर जी हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड 1046 दसवी मंजिल, हबटाउन सोलारिस, एनएस फडके मार्ग विजय नगर मुम्बई जरिये प्राधिकृत अधिकारी खीवराज वैष्णव		• बाबुलाल सोंलकी पुत्र बुधाराम सोंलकी 2601 डाक अथुना, सोलकीयों की ढाणी, तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर ग्रामीण • उगमाराम पुत्र बुधाराम डावा अथुना बास, सोंलकीयों की ढाणी, तहसील भोपालगढ़ जिला जोधपुर ग्रामीण • प्रमुडी पत्नि बाबुलाल 2601 डावा अथुना, सोलंकीयों की ढ़ाणी तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर ग्रामीण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002

उपस्थिति :– **आदेश दिनांक :– 28.05.2024**

1–श्री चन्द्र सिंह राठौड़ अधिवक्ता (प्रार्थीपक्ष)

आदेश

प्रार्थी पक्ष की ओर से यह प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण बाबुलाल सोंलकी पुत्र बुधाराम सोंलकी व अन्य के विरूद्ध पेश हुआ।

प्रार्थना–पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी [illegible]ीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थीगण को कुल राशि रूपये 20,00,000/– [illegible] कराई गई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थीगण **बाबुलाल सोंलकी पुत्र बुधाराम सो[illegible]** की जायदाद **सम्पति अवस्थित खसरा नम्बर 308/3, 308/16, गाम नांदिया तहस[illegible] बावडी, जिला जोधपुर ग्रामीण जिसका कुल क्षेत्रफल 283.27** वर्गमीटर, जिसके पूर्व में मांगीलाल साद की दुकान,

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2025.01.28 10:49:09 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

पश्चिम में बाबुलाल सुथार की दुकान, उत्तर में भंवरराम पुत्र देवाजी की भूमि, दक्षिण में 100 फीट रोड आया हुआ, को प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में रहन/हाईपोथिकेशन कर दिया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को ऋण का भुगतान करने मे असफल रहने पर प्रार्थी द्वारा ऋण राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी के नाम से नोटिस जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि मय ब्याज दिनांक 23.06.2020 तक 20,20,400/- रूपये भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीगण के द्वारा बतौर जमानत रहन/हाईपोथिकेशन रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थीपक्ष को सुना। प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण को राशि रूपये 20,00,000/- मोर्टगेज ऋण सुविधा प्रदान की है तथा अप्रार्थीगण बतौर प्रतिभूति उक्त जायदाद प्रार्थी के पक्ष में रहन रखी एवं अप्रार्थीगण से दिनांक 23.06.2020 तक 20,20,400/- रूपये वसूल किये जाने है। अप्रार्थीगण को नोटिस भी जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्राथीगण द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया है। "दी सिक्युराईटेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटीइन्ट्रेस्ट (सेकण्ड) एक्ट, 2002" की धारा 14 में उक्त रहन रखी गई सम्पत्ति को प्रार्थी बैंक के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। अतः उपरोक्त तथ्यों के सन्दर्भ में प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीपक्ष बाबुलाल सोंलकी पुत्र बुधाराम सोंलकी द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में प्रतिभूति के रूप रखी गई अपनी उक्त जायदाद **बाबुलाल सोंलकी पुत्र बुधाराम सोंलकी** की जायदाद **सम्पति अवस्थित खसरा नम्बर 308/3, 308/16, गाम नांदिया तहसील बावडी, जिला जोधपुर ग्रामीण जिसका कुल क्षेत्रफल 283.27 वर्गमीटर जिसके पूर्व में मांगीलाल साद की दुकान, पश्चिम में बाबुलाल सुथार की दुकान, उत्तर में भंवरराम पुत्र देवाजी की भूमि, दक्षिण में 100 फीट रोड आया हुआ,** का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर जरिये संबंधित पुलिस, प्रार्थी को सम्भलाये जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित थानाधिकारी एवं प्रार्थी बैंक/कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाय।

आदेश आज दिनांक 28.05.2024 को सुनाया गया।

डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट जोधपुर ग्रामीण

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2025.01.28 10:49:09 IST
Reason: SelfAttested